# जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय
# जोधपुर

# आनंदम् पाठ्यक्रम के दिशा निर्देश

सत्र : 2020–21

# आनंदम् – न्यासिता पर आधारित शिक्षा

1. **कार्यक्रम के उद्देश्य** : आनंदम् पाठ्यक्रम का उद्देश्य युवा वर्ग को आनंद देना है, साथ ही उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है जिससे वे एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। प्रतिदिन के कार्य के आधार पर, यह राजस्थान के महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में सेवा करने की रुचि विकसित करेगा। विद्यार्थियों को यह पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2020–21 से प्रत्येक सेमेस्टर में लेना होगा।

2. **पाठ्यक्रम श्रेणी**
   अनिवार्य

3. **संरचना**

   पाठ्यक्रम के दौरान, विद्यार्थियों से उम्मीद की जाती है कि वे अपने आप को सेवा और अच्छाई के कार्यों में सम्मिलित करेंगे।

4. **विद्यार्थियों से उम्मीद की जाती है कि वे**
   - प्रतिदिन कम से कम सेवा का एक कार्य करेंगे
   - इस सेवा के कार्य को वो अपने निर्धारित रजिस्टर/व्यक्तिगत डायरी में संधारित करेंगे।
   - महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित 30 मिनट आनंदम् समय में इस रजिस्टर/व्यक्तिगत डायरी को साझा करेंगे/बतायेंगे।

- प्रत्येक टर्म में 64 घंटे का एक सामूहिक सेवा प्रोजेक्ट करेंगे (महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय घंटों के अतिरिक्त)

- आनंदम् प्लेटफार्म पर सामूहिक प्रोजेक्ट की रिपोर्ट अपलोड करेंगे।

- प्रत्येक महीने में एक बार सामूहिक सेवा पर आयोजित होने वाली चर्चा सत्रों में भाग लेंगे व प्रस्तुतीकरण करेंगे।

कुछ प्रोजेक्ट और संगठन उल्लिखित किये जायेंगे जिनके साथ विद्यार्थी कार्य कर सकते हैं। विद्यार्थी स्वयं भी प्रोजेक्ट प्रस्तावित कर सकते हैं जिससे अन्य भी जुड़ सकते हैं।

5. **इनपुट**

अ. आनंदम् प्लेटफार्म से

- सेवा अवसरों को व्यवस्थित व साझा करने हेतु एक आनलाईन प्लेटफार्म
- उल्लेखित कार्यक्रमों या ऐच्छिक संगठनों की एक सूची
- आनंदम् कार्यक्रम को सुसाध्य बनाने हेतु संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण

ब. महाविद्यालय / विश्वविद्यालय से

- संकाय सदस्य प्रत्येक विद्यार्थी का रजिस्टर या व्यक्तिगत डायरी की समीक्षा / पुनरावलोकन करेंगे कि विद्यार्थी ने उस दिन के अच्छे कार्य को अंकित किया है या नहीं।
- अच्छे कार्य का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा – चाहे यह अंकित किया गया है या नहीं।

- संकाय सदस्य सामूहिक सेवा प्रोजेक्ट पर परामर्श देंगे। वे आवश्यक संसाधनों के आवंटन का प्रयास करेंगे एवं सामूहिक सेवा प्रोजेक्ट्स को सहयोग प्रदान करेंगे।
- परामर्शदाता नियमित रूप से विद्यार्थी की गतिविधियों का मार्गदर्शन व समीक्षा करेंगे।
- प्रत्येक महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय/शिक्षण संस्था में कार्यक्रम की देखरेख हेतु एक आनंदम् संयोजक होगा।

## 6. परिणाम

प्रत्येक विद्यार्थी "दान" देने की श्रेणी के साथ सत्र का अंत करेगा। इसमें उनके रजिस्टर/व्यक्तिगत डायरी/सामूहिक सेवा प्रोजेक्टस पर उनकी रिपोर्ट सम्मिलित होगी।

## 7. पुरस्कार व सम्मान

पुरस्कार व सम्मान प्राप्त करने हेतु, विद्यार्थियों को अपना प्रोजेक्ट कॉलेज, विश्वविद्यालय व राज्य स्तर पर जमा कराने का विकल्प होगा। संबंधित स्तरों पर निर्धारित समिति द्वारा प्रोजेक्ट्स का पुनरावलोकन व मूल्यांकन किया जायेगा। इसी तरह मार्गदर्शक व आनंदम् संयोजक भी विश्वविद्यालय और राज्य स्तर पर इस प्रकार के सम्मान के योग्य होंगे। कृपया पुरस्कार व सम्मान पर विवरण हेतु सारणी 8.1 को देखें।

### 7.1 मूल्यांकन मैट्रिक्स

प्रत्येक सेमेस्टर के लिये उपलब्ध समय

रजिस्टर/व्यक्तिगत डायरी : कम से कम 32 प्रविष्टियां (40 प्रतिशत) व अधिक से अधिक 80 प्रविष्टियां

प्रोजेक्ट सहभागिता : 2 घण्टे X 8 दिन X 4 महीने = 64 घण्टे

| | प्रोजेक्ट 1 (सेमेस्टर 1) | प्रोजेक्ट 2 (सेमेस्टर 2) |
|---|---|---|
| | कुल : 64 घंटे<br>ग्रेडिंग<br>= 32 घंटे : C < ग्रेड<br>> 32 < = 44 : B ग्रेड<br>> 44 < = 54 : A ग्रेड<br>> 54 < = 64 : O ग्रेड | कुल : 64 घंटे<br>ग्रेडिंग<br>= 32 घंटे : < C ग्रेड<br>> 32 < = 44 : B ग्रेड<br>> 44 < = 54 : A ग्रेड<br>> 54 < = 64 : O ग्रेड |

वार्षिक योजना के लिये उपलब्ध समय (प्रत्येक छह महीने में)

- रजिस्टर/व्यक्तिगत डायरी : कम से कम 32 प्रविष्टियां (40 प्रतिषत) व अधिकतम 80
- प्रोजेक्ट सहभागिता : 2 घण्टे X 8 दिन X 4 महिने = 64 घण्टे
- दोनों प्रोजेक्टस का औसत ग्रेड (छ महीने की अवधि में मूल्यांकन) समान माना जायेगा

| | प्रोजेक्ट 1 (6 महीना) | प्रोजेक्ट 2 (6 महीना) |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| | कुल : 64 घंटे<br>ग्रेडिंग<br>= 32 घंटे : < C ग्रेड<br>> 32 < = 44 : B ग्रेड<br>> 44 < = 54 : A ग्रेड<br>> 54 < = 64 : O ग्रेड | |
| | | ग्रेंडिंग<br>= 32 घंटे : < C ग्रेड<br>> 32 < = 44 : B ग्रेड<br>> 44 < = 54 : A ग्रेड<br>> 54 < = 64 : O ग्रेड |

## 8.1 पुरस्कार और सम्मान

| पुरस्कार | स्तर | विवरण |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट | संकाय / अंतर संकाय / महाविद्यालय / संभाग / राज्य | योग्यता : टीम सदस्य, प्रति सेवा डायरी में 48 प्रविष्टियां + 64 घंटे का प्रोजेक्ट कार्य<br>चुनाव का मानदण्ड<br>– भाग लेने वाले प्रोजेक्ट का पूर्ण मूल्यांकन<br>– प्रोजेक्ट का प्रकार<br>– प्रभावित हुये लोगों की समभाग संख्या<br>– समयावधि के साथ गतिविधियों का |

| | | |
|---|---|---|
| | | विवरण<br>– प्रेस / मिडिया प्रकाशन<br>– राज्य स्तर के पुरस्कार के लिये प्रत्येक संस्था द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट का नामांकन |
| उत्कृष्ट विभाग समन्वयक | राज्य | चुनाव का मानदण्ड<br>• विद्यार्थियों द्वारा भरी गई डायरी का प्रतिशत<br>• स्वैच्छिक घंटे का योगदान देने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत<br>• संस्था में आनंदम् के अन्तर्गत नामांकित विद्यार्थियों की संख्या<br>• परामर्श दिये गये प्रोजेक्ट्स का पूनर्मूल्यांकन<br>• प्रोजेक्ट का प्रकार<br>• प्रभावित हुए लोगों की लगभग संख्या<br>• समयावधि के साथ गतिविधियों |

| | | |
|---|---|---|
| | | का विवरण<br>• प्रेस मिडिया प्रकाशन |
| सर्वश्रेष्ठ संस्था | जिला व राज्य स्तर | चुनाव का मानदण्ड<br>• आनंदम् के अंतर्गत नामांकित विद्यार्थियों की संख्या<br>• डायरी / स्वैच्छिक घंटे का योगदान देने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत<br>• लिये गये प्रोजेक्ट का पूनर्मूल्यांकन<br>• प्रोजेक्ट का प्रकार<br>• प्रभावित हुए लोगों की लगभग संख्या<br>• समयावधि के साथ गतिविधियों का विवरण<br>• प्रेस / मिडिया प्रकाशन<br>• आनंदम् प्रोजेक्ट पर खर्च की गयी राशि |